दिन– शुक्रवार

दिनांक– 05 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।

अवधि – 15 मिनट

---

01. विधानमंडल के विशेष सत्र का आज पांचवां और अंतिम दिन। दोनों सदनों में द्वितीय अनुपूरक बजट पर वाद–विवाद और मतदान होगा।

02. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पूर्व मध्य रेल के शेष रूट पर एक हजार आठ सौ बाईस करोड़ रुपये की लागत वाले कवच प्रस्ताव को मंजूरी दी।

03. एनआईए की टीम ने संगठित अवैध हथियार और गोला–बारूद तस्करी के मामले में बिहार सहित तीन राज्यों में छापेमारी कर चार लोगों को गिरफ्तार किया।

04. और, पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर ठंड में बढ़ोतरी। अगले चौबीस घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट की संभावना।

---

बिहार विधानमंडल के विशेष सत्र का आज पांचवां और अंतिम दिन है। विधानसभा और विधान परिषद में आज द्वितीय अनुपूरक बजट पर वाद–विवाद और मतदान होगा। इसके बाद विनियोग विधेयक पेश किया जाएगा।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि राज्य का हर परिवार आर्थिक रूप से मजबूत होगा। विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव में मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के प्रयास से बिहार अगले पांच साल में बहुत विकसित होगा। देश की प्रगति में बिहार महत्वपूर्ण योगदान देगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में तेजी से औद्योगिक विकास किया जाएगा। महिलाओं और युवाओं के रोजगार पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि इसके लिए रोजगार के अवसर बढ़ाए जायेंगे। इसके अलावा शिक्षा, खेल और पर्यटन क्षेत्र का विकास भी तेजी से किया जाएगा।

---

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारतीय रेल के शेष रूट पर कवच के प्रावधान की मंजूरी दे दी है। इसके तहत पूर्व मध्य रेल के लिए एक हजार आठ सौ बाईस करोड़ रुपये की लागत से एक सब–अम्ब्रेला वर्क को मंजूरी दी गई। सब–अम्ब्रेला के तहत् पूर्व मध्य रेल के बाकी दो हजार दो सौ किलोमीटर रूट्स पर कवच के प्रावधान का प्रस्ताव

किया गया। इस पर नौ सौ साठ करोड़ रूपए से अधिक की लागत आएगी। अम्ब्रेला वर्क दो हजार चौबीस–पच्चीस के तहत वर्क्स, मशीनरी और रॉलिंग स्टॉक प्रोग्राम दो हजार चौबीस–पच्चीस के अंतर्गत भारतीय रेलवे के बाकी रूट पर कवच के प्रावधान को मंजूरी प्रदान की गयी। अम्ब्रेला वर्क की लागत सत्ताईस हजार छह सौ तिरानवे करोड़ रुपये है।

---

रेलवे ने सत्रह हजार करोड़ रुपये की लागत से बख्तियारपुर से फतुहा तक तीसरी और चौथी रेल लाईन बिछाने की मंजूरी दी है। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क पदाधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि पहले चरण में नौ सौ इकतीस करोड़ रुपये की लागत से बख्तियारपुर से पटना तक चौबीस किलोमीटर रेल लाइन के निर्माण के लिए जमीन के अधिग्रहण की स्वीकृति रेलवे बोर्ड ने दी है। वहीं, लगभग तीन सौ बानवे करोड़ रुपये की लागत से बख्तियारपुर से पुनारक के बीच एक हेक्टेयर जमीन अधिग्रहण और निर्माण की स्वीकृति दी गयी है।

इधर, राज्य सरकार ने पटना मेट्रो के निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए तीन सौ नवासी करोड़ सतहत्तर लाख रूपये देने का निर्णय लिया है। इस राशि से दानापुर से पाटलिपुत्र स्टेशन के बीच मेट्रो के परिचालन का काम पूरा होगा।

---

केंद्र सरकार ने प्रदेश में चार हजार अठहत्तर करोड़ रुपये की सड़क और पुल परियोजनाओं की मंजूरी दी है। इसके अंतर्गत राज्य में एक सौ चार किलोमीटर लंबाई वाले गंडक नदी और बूढ़ी गंडक नदी पर पुल समेत सड़क की छह परियोजनाओं का निर्माण किया जाएगा। पथ निर्माण मंत्री नितिन नबीन ने पटना में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय तथा भारतीय राजमार्ग प्राधिकरण के साथ समीक्षा बैठक में यह जानकारी दी। बैठक में प्रदेश के विभिन्न जिलों में निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्गों, एक्सप्रेस–वे, फलाई ओवर और अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं की प्रगति पर चर्चा हुयी।

---

प्रदेश में उद्योगें को बढावा देने और निवेश को गति देने के लिये उघोग वार्ता की शुरूआत की गई है। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में प्रत्येक गुरूवार को यह वार्ता आयोजित की जायेगी। यह पहल निवेशकों को सीधे उच्च स्तरीय सरकारी अधिकारियों से जोड़कर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करेगी। निवेशक बिना

किसी अपॉइंटमेंट के निर्धारित समय पर सीधे मुख्य सचिव से मिल पाएंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले सप्ताह से बाहरी निवेशकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह बैठक पटना एयरपोर्ट के पास स्थित वायुयान संगठन निदेशालय में आयोजित की जाएगी।

---

शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में मॉडल समय सारणी लागू करने के निर्देश दिये हैं। इसके तहत प्राथमिक से लेकर बारहवीं तक के सभी स्कूलों में छुट्टी के पहले राष्ट्रगान अनिवार्य कर दिया है। यह व्यवस्था सभी संस्कृत स्कूलों और मदरसों पर भी लागू होगी। विभाग ने कहा है कि मॉडल समय सारणी के तहत स्कूलों में सुबह साढ़े नौ बजे से दस बजे तक प्रार्थना होगी। इसमें बिहार गीत गाना अनिवार्य होगा।

---

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत लाभुकों को जनवरी से जनवितरण प्रणाली दुकानों के माध्यम से चौदह किलो गेहूँ और इक्कीस किलो चावल दी जाएगी। खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने बताया कि वर्तमान में लाभुकों को सात किलो गेहूँ और अट्ठाईस किलो चावल दिये जा रहे हैं।

---

विमानन कंपनी इंडिगो की बिहार समेत कई स्थानों पर उड़ाने रद्द होने के मामले में नागर विमानन मंत्री राममनोहर नायडू ने विमानन कंपनी को तत्काल विमान परिचालन सामान्य करने और हवाई किराये में किसी प्रकार की बढ़ोतरी नहीं करने के निर्देश दिये हैं। नागर विमानन महानिदेशालय डीजीसीए की ओर से कल इस संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक में श्री नायडू ने ये निर्देश दिये। बैठक में मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी और विमान कंपनी इंडिगो के शीर्ष अधिकारी शामिल हुए। इंडिगो पिछले दिनों से प्रतिदिन लगभग एक सौ सत्तर से दो सौ उड़ाने रद्द कर रहा है। जो समान्य प्रक्रिया से कहीं अधिक है। इसके चलते बिहार में चौदह समेत देशभर की पांच सौ पचास से अधिक उड़ानों को रद्द किया गया है। राज्य से चार हवाई अड्डों से पिछले चौबीस घंटों के दौरान इंडिगो की चौदह उड़ाने रद्द रहीं। इनमें पटना से दस, पूर्णिया से दो और गया तथा दरभंगा से एक–एक उड़ाने रद्द रहीं।

---

एनआईए की टीम ने संगठित अवैध हथियार और गोला–बारूद तस्करी के मामले में बिहार सहित तीन राज्यों में छापेमारी कर चार लोगों को गिरफ्तार किया है। छापेमारी में टीम ने पटना से शशि प्रकाश और शेखपुरा से रवि रंजन को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा नालंदा में भी छापेमारी की गयी है। इस दौरान एक करोड़ रुपये नकद, भारी मात्रा में हथियार और गोला–बारूद, कई डिजिटल उपकरण, आपत्तिजनक दस्तावेज और संदिग्ध फर्जी पहचान पत्र जब्त किय गये हैं।

———————————————————

लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ने हर घर नल जल योजना से जुड़े मामलों में दस अभियंताओं पर कार्रवाई की है। इनमें पांच अभियंताओं को निलंबित कर दिया गया है, जबकि पांच के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की गयी है। विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने बताया कि इन सभी के खिलाफ कार्य में कोताही बरतने का आरोप है। निलंबित होने वाले अभियंताओं में बेनीपट्टी के प्रकाश चंद्र, गोरौल के अनिल कुमार, लालगंज की सुप्रिया स्वराज, बहेड़ी के मामूर और पारू के अनीश कुमार शामिल हैं।

———————————————————

पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेशभर के न्यूनतम तापमान में गिरावट का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने अपनेपूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की और गिरावट आने की संभावना है। वहीं, कुछ स्थानों पर हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा छाये रहने के आसार हैं। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान नौ दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ भागलपुर का सबौर लगातार दूसरे दिन राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा।

———————————————————

पिछले महीने की इक्कीस तारीख को लागू की गई नई श्रम संहिताएँ पूरे देश में श्रमिकों की आजीविका को स्थिरता प्रदान करने के लिए तैयार हैं। ये नए सुधार कैसे देश भर के निर्माण श्रमिकों को सीधा लाभ प्रदान कर रहे हैं, इस पर प्रस्तुत है हमारे संवाददाता की रिपोर्ट––

———रिपोर्ट———

नए श्रम सुधार के साथ सरकार ने देश के सभी क्षेत्र में श्रम शासन को मजबूत किया है। नई नीतियों में यह प्रावधान किया गया है कि कोई भी नियोक्ता किसी भी कर्मचारी को न्यूनतम वेतन से कम वेतन नहीं देगा। इसके साथ ही इन कानून ने संगठित श्रमिकों के लिए कल्याणकारी योजना जैसे जीवन विकलांगता कर स्वास्थ्य और मातृत्व लाभ तथा बुढ़ापे की सुरक्षा का हक भी पक्का किया है। इसके अलावा घर से दफ्तर आते–जाते किसी दुर्घटना की स्थिति में कर्मचारियों को पूरा मुआवजा भी मिलेगा। नए श्रम सुधार वेतन संरक्षण,

कार्यस्थल सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा लाते हैं। अब निर्माण क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिक समान कार्यमानक तक बेहतर पहुंच और देश की विकास यात्रा में अपनी भूमिका को लेकर बेहतर पहचान की उम्मीद कर सकते हैं। दृष्टि के साथ अंकित, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

---

पटना में महिलाओं की सुरक्षा के लिए शक्ति सुरक्षा दल मुस्तैदी से कार्य कर रहा है। सेंट्रल एसपी दीक्षा ने बताया कि शक्ति सुरक्षा दल के माध्यम से राजधानी की महिलाओं और युवतियों को छेड़खानी, साइबर बुलिंग, स्टॉकिंग और अन्य संवेदनशील मामलों में त्वरित सहायता दी जा रही है।

———बाइट———

---

पटना में अत्याधुनिक जेन जी पोस्ट ऑफिस की शुरूआत हुई है। चीफ पोस्ट मास्टर जनरल बिहार सर्किल एम यू अब्दाली ने बताया कि इसके तहत पटना पोस्ट ऑफिस को नया और आधुनिक स्वरूप प्रदान किया गया है। श्री अब्दाली ने बताया कि यह डाकघर नवीनतम तकनीक, डिजिटल सुविधाओं और युवाओं के अनुकूल सेवाओं से युक्त है। उन्होंने कहा कि पोस्ट ऑफिस में मोबाईल ऐप के माध्यम से डाक सेवाओं का उपयोग सरल बनाने का प्रयास किया गया है। इसके साथ ही इंटरनेट और मोबाईल बैंकिंग सेवाओं की सुविधा भी यहां प्राप्त हो सकेगी।

---

राजस्थान में खेले जा रहे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की एथेलेटिक्स प्रतियोगिता में बिहार के त्रिलोक कुमार ने स्वर्ण पदक जीता है। त्रिलोक ने पांच हजार मीटर दौड़ में यह उपलब्धि हासिल की। वहीं, विकास कुमार राय ने तीन हजार मीटर स्टेपल चेस की स्पर्धा में कांस्य पदक जीता है। ये दोनों एथलीट ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के छात्र हैं।

---

सासाराम में आयोजित राज्य स्तरीय विद्यालय बास्केट बॉल प्रतियोगिता के अंडर–नाईंटीन में पटना ने मुजफ्फरपुर को पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया है।

---

उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में संपन्न नेशनल स्कूल अंडर सेवेंटीन कुश्ती प्रतियोगिता में पटना जिले के हर्ष कुमार ने रजत पदक प्राप्त किया है।

---

कोलकता में आयोजित सैयद् मुस्ताक अली क्रिकेट टॉफी मैच में गोवा ने बिहार को पांच विकेट से पराजित कर दिया।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन के भारत आगमन की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – रूसी राष्ट्रपति पुतिन भारत पहुंचे। पीएम मोदी ने हवाई अड्डे पर अगवानी की। अखबार लिखता है – रूस से रिश्ते को नई रफ्तार। जमीन के बदले नौकरी से जुड़ी खबर को **दैनिक जागरण** ने प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए लिखा है – लालू और अन्य के खिलाफ आरोप तय करने पर आदेश टला। **दैनिक भास्कर** लिखता है – बिहार विधानमंडल में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव। नीतीश बोले कहीं भय का माहौल नहीं। **प्रभात खबर** लिखता है – उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा – बिहार में बुलडोजर राज नहीं। सीएम नीतीश कुमार का सुशासन राज। **राष्ट्रीय सहारा** के शब्द हैं – पंद्रह को प्रभातफेरी से होगा प्रकाश पर्व का आगाज। **आज अखबार** लिखता है –पीएमसीएच में हड़ताल समाप्त। काम पर लौटे चिकित्सक।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. विधानमंडल के विशेष सत्र का आज पांचवां और अंतिम दिन। दोनों सदनों में द्वितीय अनुपूरक बजट पर वाद–विवाद और मतदान होगा।

02. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पूर्व मध्य रेल के शेष रूट पर एक हजार आठ सौ बाईस करोड़ रुपये की लागत वाले कवच प्रस्ताव को मंजूरी दी।

03. एनआईए की टीम ने संगठित अवैध हथियार और गोला–बारूद तस्करी के मामले में बिहार सहित तीन राज्यों में छापेमारी कर चार लोगों को गिरफ्तार किया।

04. और, पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर ठंड में बढ़ोतरी। अगले चौबीस घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट की संभावना।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।